अतिथि ने क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर का फीता काटकर व स्वयं हस्ताक्षर कर मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया। साथ ही सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई। श्री पाल ने रेडक्रास सोसाइटी के कार्यों का उत्साहवर्धन किया। आजीवन सदस्यों ने भी क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। फिर सभी रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य सारे काम छोड़ दो, पहले जाकर वोट दो, पहले मतदान फिर जलपान जैसे नारे लगाते हुए अस्पताल परिसर से नगर पालिका परिषद तक रैली निकाली। मार्ग में स्वीप आइकॉन ने मार्ग में सभी दुकानदारों व आमजनमानस को 2 व 3 दिसंबर पोलिंग बूथ में मतदाता बनने हेतु फॉर्म 6 भरने तथा घर बैठे वोटर हेल्पलाइन एप के जरिये मतदाता बनने हेतु जागरूक किया। इस अवसर पर सचिव अजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य स्मिता सिंह, डॉ विवेक, आजीवन सदस्य डॉ कृष्णचन्द्र, वेदप्रकाश गुप्ता, दिनेश चंद्र गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सुजीत सिन्हा, सुरेश श्रीवास्तव, डॉ तारकनाथ सरकार, अमित कुमार श्रीवास्तव, शाजी, चैतन्य कुमार, ब्लड बैंक से दीपाली वर्मा, कौशल कुमार श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, अनुज कुमार, रामराज वर्मा, रामगोपाल कश्यप, विनय कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, अमित शिवहरे, पवन मिश्रा, देवनाथ धाकडे, धीरू श्रीवास्तव सहित कर्मचारी प्रशांत चतुर्वेदी, गोरेलाल उपस्थित रहे।

# पवन प्रभात

प्रादेशि

# रेडक्रॉस सोसाइटी मथुरा ने 50 क्षय रोगियों को प्रदान की पोषण किट

## क्षय रोग अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ पोषण वितरण कार्यक्रम जिले में चल रहा है ग्यारह हजार से अधिक सक्रिय क्षय रोगियों का इलाज

**दीपक चतुर्वेदी बैंकर**

मथुरा पवन प्रभात। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगियों की मदद के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी मथुरा द्वारा सोमवार को गोद लिए गए 50 क्षय रोगियों को डीटीओ की अध्यक्षता में जिला क्षय रोग केंद्र के परिसर में पोषण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम तहत टीबी मरीजों को पोषण सामग्री प्रदान की गयी।



जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने में जुटे स्वास्थ्य विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर विभिन्न सामाजिक संगठनों, अधिकारियों और संस्थाएं कार्य करने को आगे आ रही है। वर्ष 2023 में कुल 6000 से अधिक क्षय रोगियों को निक्षय मित्र बनकर गोद लिया गया। टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके लिए पोषक आहार की व्यवस्था करने के साथ ही भावनात्मक सहयोग भी प्रदान करने में जुटे हैं इसके अलावा नियमित दवा सेवन के लिए भी प्रेरित करते हैं उनको यह भी समझाते है कि दवा बीच में छोड़ने से टीबी गंभीर रूप ले सकती है, जिसका इलाज लम्बा चलने के साथ ही शारीरिक कष्ट का भी सामना करना पड़ सकता है।डीटीओ ने बताया कि हेल्थ विजिटर की निगरानी में उपचार से पिछले पांच वर्षों में करीब 85 प्रतिशत से अधिक क्षय रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। ग्यारह हजार से अधिक सक्रिय क्षय रोगियों का इलाज वर्तमान में चल रहा है।जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन महेश खंडेलवाल ने बताया कि ऐसे टीबी रोगी जो आर्थिक रूप से पिछड़े है, उनके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना चाहिए ताकि टीबी की दवा के साथ- साथ उन्हें पोषण सामग्री भी समय पर मिल सके और वह शारीरिक व मानसिक रूप से भी स्वस्थ हो सकें। संस्था के वाइस चेयरमैन बृषभान गोस्वामी द्वारा उपस्थित समस्त मरीजों और उनके परिजनों को बताया गया कि पोषण हेतु मिलने वाली सामग्री का सेवन केवल मरीज व्यक्तिगत रूप से करें। इसके अलावा किसी अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत सूचित करें।

जिला पीपीएम समन्वयक आलोक तिवारी ने बताया कि क्षय रोगियों को उपचार के लिए पांच सौ रुपये पोषण भत्ता भी मिलता है। क्षय रोगियों की जांच व उपचार के लिए स्वयंसेवी संस्थाएं भी प्रयासरत हैं। छः हजार से अधिक सक्रिय क्षय रोगियों का इलाज वर्तमान में चल रहा है। सामाजिक संस्थाओं द्वारा किये जा रहे यह प्रयास सराहनीय है। जांच में टीबी की पुष्टि के बाद हेल्थ विजिटर द्वारा मरीज को दवा व कार्ड मुहैया कराया जा रहा है। ऐसे मरीज के मोबाइल नंबर से संपर्क कर, उन्हें दवा व जांच के लिए समय पर आने की सूचना भी दी जा रही है। मरीज का दो महीने के बाद फॉलोअप भी शुरू किया जा रहा है, जिसकी जियो टैगिंग की जा रही है।

इस मौके पर अखिलेश दीक्षित बिहारी लाल शिव कुमार रेडक्रॉस सोसाइटी से बृषभान गोस्वामी अमृत खंडेलवाल शिव कुमार गुप्ता डा शिव शंकर गौतम कविता सक्सेना अजय अग्रवाल मेजर लवेंद्र चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 'राज्यपाल' ने 'रेडक्रास' के 'योद्धाओं' को किया 'सम्मानित'

## –राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने रेडक्रास सोसायटी के कार्यो की, प्रशंसा

बस्ती।...कोराना काल में अद्वितीय कार्य करने वाली रेडक्रास सोसयटी को राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने एक सम्मान समारोह में रेडक्रास सोसायटी के सचिव सरदार कुलवेंद्र सिंह मजहबी और टीम के साथियों को सम्मान पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। टीम के सदस्यों को ना सिर्फ सम्मानित किया, बल्कि सोसायटी के जनहित कार्यो के लिए प्रशंसा भी किया, और कहा कि रेडक्रास सोसायटी कें लोगों ने हर विपदा की घड़ी में रात–दिन सेवा किया। जिस तरह रेडकास सोसायटी ने कोरोना काल में अपने जान को जोखिम में डालते हुए जरुरतमंदों को मदद की वह अद्वितीय रहा। रेडकास ने वृद्वा आश्रम, बच्चों के जेल, बड़ी जेल में महिलाओं को साड़ी और उनके बच्चों को खिलौना देने का काम किया, उससे पता चलता है, कि यह सोसायटी जनहित कार्यो को लेकर कितना सक्रिय रहता है। इस टीम के सदस्यों की सेवाओं को भुलासा नहीं जा सकता। इस मौके पर डा. वीके वर्मा, श्याम नारायण, सरदार गुरवचन सिंह, प्रताप शंकर पांडेय, रश्मि अग्रवाल, बलजीत सिंह, सरोज मिश्र, ज्ञानेंद्र पांडेय, अभय शंकर शुक्ल, विवेक त्रिपाठी, मनीष अग्रवाल, राजेंद्र रजावत, अर्जुन उपाध्याय, कुलदीप सिंह एवं प्रशांत रजगोडिया सहित अन्य मौजूद रहे। टीम के सदस्यों ने इस सम्मान के लिए निवर्तमान डीएम प्रिंयका निरंजन, सीएमओ डा. आरपी मिश्र एवं एसीएमओ डा. एके मिश्र को धन्यवाद दिया।



### नगर पंचायत 'बभनान के ईओ' पर लगा '25 हजार' का 'जुर्माना'

बस्ती। आरटीआई कार्यकर्त्ता सुदृष्टि नारायण त्रिपाठी की मेहनत रंग ला रही है। अब तक यह ना जाने कितने अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जानकारी ना देने के आरोप में सूचना आयुक्त की ओर से 25–25 हजार का जुर्माना लगवा चुके है। आरटीआई कार्यकर्त्ता के रुप में जितना यह मेहनत और भागदौड़ करते हैं, उसका फल भी इन्हें मिलता है। इसी कड़ी में इन्होंने सूचना ना देने और आयोग के समक्ष उपस्थित ना होने वाले नगर पंचायत बभनान के अधिशाषी अधिकारी पर 25 हजार का जुर्माना लगवाया। हालांकि आयोग ईओ को कई मौका दिया, मगर ईओ उस मौके का फायदा नहीं उठा सके। अंतत इन्हें जुर्माने की सजा मिल ही गई।

## *Hygiene kit Distribution program by Hon'ble Governor Of Uttar Pradesh Smt. Anandiben Patel at Distt- Chandauli, Pilibhit & Deoria*








## *Nutritional Kit Distribution program for TB patients by Hon'ble Governor Of Uttar Pradesh Smt. Anandiben Patel at Distt- Deoria & Varanasi*








## ***Distribution of Hygiene kit in Dist- Juanpur ,Kanpur Nagar, Amethi & Deoria***









# ***Distribution of Hygiene kit in Flood Area, Mock Drills at Lakhimpur Kheri***








# *Distribution Of Hygiene Kit In Distt-unnao, Muzaffarnagar*









# इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी गोरखपुर

**के तत्वावधान में तम्बाकू एवं टी.बी मुक्त अभियान, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृहद वृक्षारोपण अभियान, स्वैच्छिक रक्तदान, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, स्वच्छता अभियान, बाढ़ एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदो को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना तथा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को और प्रभावी, गतिशील बनाने हेतु रेडक्रॉस द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द गोरखपुर के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार के सहयोग से दिव्यांगजनों को उनके जीवन स्तर में रचनात्मक सुधार व उन्हें आवश्यकतानुसार उपकरण उपलब्ध कराए जाने में सहयोग प्रदान करना..**

**"आपातकालीन परिस्थितियों में 24 घंटे गोरखपुर में ब्लड उपलब्धता के आधार पर उपलब्ध हैं"**

**सम्पर्क सूत्र : अजय प्रताप सिंह (सचिव) 9839271920 - ज्ञानेन्द्र ओझा (रक्तदान प्रभारी) 7905405742**

## -: भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी गोरखपुर प्रबन्ध समिति का स्वरूप :-



**शिवेन्द्र विक्रम सिंह**
सभापति



**कृष्णा करूणेश आई.ए.एस**
जिलाधिकारी/अध्यक्ष



**डॉ० आशुतोष कुमार दुबे**
सी.एम.ओ/उपाध्यक्ष



**अजय प्रताप सिंह**
सचिव



**दिनेश मणि त्रिपाठी**
उपसभापति



**विशाल जायसवाल**
कोषाध्यक्ष



गोरखपुर में रेडक्रॉस स्टॉल का निरीक्षण करते मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी



**नागेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना**
प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य



**रामजन्म सिंह**
संरक्षक सदस्य





रक्तदाताओं को हाईजीन किट वितरण करते हुए स्टेट ब्रान्च के उपसभापति अखिलेन्द्र शाही जी व पदाधिकारी गण



विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में रेडक्रॉस के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन



जरूरतमंदो को राहत सामग्री वितरित करते मा० सांसद रवि किशन जी



आपातकालीन परिस्थितियों में वितरित किए जाने वाले सामानों का निरीक्षण करते हुए मा० मुख्यमंत्री जी



**डॉ० संतोष नायक**
प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य



**ईश्वरचन्द जायसवाल**
संरक्षक सदस्य

**अपील : सामाजिक क्षेत्र में रूचि रखने वाले महानुभाव रेडक्रॉस सदस्य बने एवं लोगों को सदस्यता हेतु प्रेरित करने में अपना सहयोग दें**



**डॉ भानु प्रताप सिंह**
प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य



**डॉ प्रियंका यादव**
प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य



**पुनीत जैन**
प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य



**डॉ० अवधेश कुमार शुक्ला**
प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य



**डॉ० आलोक पाण्डेय**
संरक्षक सदस्य

**सम्पर्क सूत्र : (मो०नं० : 9839271920, 8953427060, 7392886314)**
**(ई०मेल : ircsgorakhpur@gmail.com, ajayps19@gmail.com)**

**पता : रेडक्रॉस भवन, नेताजी सुबाष चन्द्र बोस जिला अस्पताल परिसर,गोरखपुर,273001**

# *Distribution of Relief Material in Distt- Ballia*









# इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बाराबंकी

**कक्ष सं0 7, पुराना एडीएम कार्यालय, बाराबंकी, उ0प्र0, पिन कोड– 225001**

indianredcrosssocietybarabanki | बाराबंकी रेडक्रास | redcrossbarabanki | www.redcrossup.org | redcrossbarabanki@gmail.com

स्वैच्छिक रक्तदान, ट्राई साइकिल, दिव्यांगजनों को कान की मशीन, व्हील चेयर, बैसाखी हाईजैनिक किट वितरण, टी.बी मुक्त बाराबंकी, पर्यावरण संरक्षण एवं वृहद वृक्षारोपण स्वच्छता व कुपोषण अभियान तिरपाल व कम्बल वितरण एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जरुरतमंद लोगो की मदद के साथ ही सामाजिक उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।



सत्येन्द्र कुमार
अध्यक्ष/जिलाधिकारी



अमीर हैदर
सदस्य राज्य शाखा



शैलेन्द्र सिंह
चेयरमैन/सभापति



डा० अ सूदन
उपाध्यक्ष/सीडीओ



हुमायू नईमा खॉं
वाइस चैयरमैन



डा० अवधेश यादव
मुख्य चिकित्साधिकारी



डा० राजीव कुमार सिंह
सचिव

प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य



डा० आर०डी० यादव



डा० सुविधा वत्स



चन्द्रशेखर काण्डपाल



अंकुर माथुर



सरदार आलोक सिंह



के०के० गुप्ता



प्रदीप सारंग



सदानन्द वर्मा



पदेन
जिला विकास अधिकारी

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, संत कबीर नगर

**D5 औद्योगिक आस्थान, खलीलाबाद, संत कबीर नगर, पिनकोड 272175**

स्वैच्छिक रक्तदान, हाईजैनिक किट वितरण, टी.बी मुक्त पर्यावरण, तिरपाल व कम्बल वितरण एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जरुररतमंद लोगो की मदद के साथ ही सामाजिक उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है....



DM SANT KABIR NAGAR



RAM KUMAR SINGH




राहत सामग्री का वितरण

# ***Distribution of kitchen set tarpaulin& Hygiene Kit  at Dist.- Ghaziabad***







# *Distribution of Wheel chair at Dist- Deoria ,Chittrakoot & Auraiya*







दिव्यांग महिला को व्हील चेयर प्रदान करतीं डीएम नेहा प्रकाश व रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी। संवाद

**रेड क्रॉस सोसाइटी ने दिव्यांग को दी व्हीलचेयर**

औरैया। जिले की रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा की ओर से सोमवार को हजियापुर निवासी दिव्यांग शिरोमणि देवी पत्नी श्याम सिंह को एक व्हील चेयर जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी नेहा प्रकाश व रेड क्रॉस के चेयरमैन व सदस्यों ने प्रदान की। शिरोमणि देवी ने कुछ दिन पूर्व जनता दर्शन में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर व्हील चेयर की मांग की थी। जिलाधिकारी ने उक्त पत्र रेड क्रॉस सोसाइटी को भेजकर सहयोग करने को कहा था। इसी पर रेड क्रॉस सोसायटी ने ककोर स्थित जिला मुख्यालय पर उक्त महिला को व्हीलचेयर प्रदान की इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी औरैया ब्रांच के चेयरमैन विपिन मित्तल, डॉ. अरूणेश बाजपेयी, रोहित अग्रवाल, नितिन वर्मा, प्रशांत चतुर्वेदी, रविभान सिंह, नूपुर सेंगर व संदीप गुप्ता मौजूद रहे। (संवाद)

## इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी ने दिव्यांगों व बुजुर्गों की सुविधा का रखा ख्याल

**डी एम अभिषेक आनंद ने उपनिबंधक कार्यालय को अत्याधुनिक ह्वील चेयर कम ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई**

**कहा :जल्द ही अन्य सरकारी कार्यालयों में उपलब्ध होगी यह सुविधा**

स्वतंत्र प्रयाग

कार्यालय संवाददाता

चित्रकूट। डीएम अभिषेक आनंद /अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा दिव्यांगों तथा बुजुर्गों की सुविधा के दृष्टिगत आज शनिवार को रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से उपनिबंधक कार्यालय को अत्याधुनिक व्हील चेयर कम ट्राई साइकिल प्रदान की गई।



जिलाधिकारी ने कहा कि सोसायटी सचिव केशव शिवहरे ने अवगत कराया था कि दिव्यांगो , बुजुर्गों एवम्‌ जरूरत मंदो को रजिस्ट्री बैनामा आदि में बायोमैट्रिक स्थल तक जाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ऐसे में निबन्धन कार्यालय में व्हील चेयर कम ट्राई साइकिल की बेहद आवश्यकता है। इन्ही कारणों के मद्देनजर उपनिबंधन कार्यालय को यह व्हील चेयर प्रदान की गई है कि दिव्यांगो , बुजुर्गों एवम्‌ इनके परिजनों को लाने ले जाने में कोई तकलीफ न हो। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार अन्य कार्यालयों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दिव्यांगों तथा बुजुर्गों को जो चलने में असमर्थ हैं ऐसे लोगों के लिए स्कूलों कॉलेजों, कार्यालयों, अस्पतालों तथा अन्य आवश्यक स्थलों में ऐसी सुवधाएं अनिवार्य रुप से होना चाहिए। उप निबंधक राजेश सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रदत्त यह सुविधा जरुरत मंदो के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी इस अवसर पर सीडीओ अमृतापाल कौर, सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, एआईजी आर राम सुन्दर यादव, सब रजिस्ट्रार राजेश सिंह, सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार,रेड क्रॉस सोसायटी सचिव केशव शिवहरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




## रेड क्रॉस सोसाइटी ने दिव्यांग महिला को उपलब्ध करायी व्हील चेयर

औरैया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जनपद औरैया ब्रांच द्वारा दिव्यांग महिला शिरोमणि देवी पत्नी श्याम सिंह निवासी हजियापुर को एक व्हील चेयर जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी नेहा प्रकाश व रेड क्रॉस के चेयरमैन व सदस्यों ने प्रदान की। शिरोमणि देवी ने कुछ दिन पूर्व जनता दर्शन मे जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर व्हील चेयर की



मांग की थी, जिलाधिकारी ने उक्त पत्र रेड क्रॉस सोसाइटी को भेजकर सहयोग करने को कहा था। इसी पर रेड क्रॉस सोसायटी ने मुख्यालय जाकर उक्त महिला को व्हीलचेयर प्रदान की। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी औरैया ब्रांच के चेयरमैन विपिन मित्तल, डॉ अरूणेश बाजपेयी, रोहित अग्रवाल, नितिन वर्मा,प्रशांत चतुर्वेदी, रविभान सिंह, नूपुर सेंगर व संदीप गुप्ता मौजूद रहे।

## ***First Aid Camp and Nutritional kit Distribution Program for TB Patient in Gorakhpur by Honorable Chief Minister, UP Shri Yogi Aditya Nath Ji .***









***Inspection of Mobile Testing Van in Gorakhpur by Honorable Chief Minister, UP Shri Yogi Adityanath ji.***





## *First Aid Camp and Nutritional kit Distribution Program for TB Patient in Gorakhpur by Honorable Chief Minister, UP Shri Yogi Aditya Nath Ji .*






# *Youth Festival Organized at Deoria District.*






# World Red Cross Day - Deoria







# वाद–विवाद प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** शहर के युग निर्माण सीनियर सेकन्ड्री स्कूल में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी देवरिया इकाई की तरफ से विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान रेडक्रास सोसाइटी के संस्थापक हेनरी डुनेन्ट की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्रों के साथ ही सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

- रेडक्रास के संस्थापक की जयंती पर आयोजित हुई प्रतियोगिता
- जनसेवा में रेडक्रास का महत्वपूर्ण योगदान : अखिलेन्द्र शाही




देवरिया खास स्थित युग निर्माण सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे कार्यक्रम को संबोधित करते डा. तेज प्रकाश सिंह ● जागरण

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सोसाइटी देवरिया के उपसभापति डा. तेज प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केंद्र देवरिया के जिला समन्वयक विकास तिवारी, सोसाइटी के मंडल कोआर्डिनेटर अजय प्रताप सिंह व सोसाइटी देवरिया के उप संरक्षक विष्णु अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हिमांशु कुमार सिंह, राणाप्रताप सिंह व शाहिस्ता परवीन ने निभाई। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी बीमारी, आपात स्थिति या युद्ध संकट में रेडक्रास के वालिंटियर्स हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। अखिलेन्द्र शाही ने कहा कि मानवता की सहायता के लिए रेडक्रास का पूरी दुनिया में योगदान रहा है। किसी भी आपदा व सामाजिक कार्यों में रेडक्रास भागीदारी कर रहा है। जिसका लाभ समाज के लोगों को मिल रहा है।

इस अवसर पर जावेद अहमद, शैलेश यादव, राहुल दुबे, सज्जाद अली, रामप्रवेश भारती, राम मिलन सिंह, संजय गुप्त, देवव्रत पांडेय, कमलेश सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा उत्तर प्रदेश के मैनेजिंग कमेटी के सदस्य रविकांत मणि त्रिपाठी ने किया।

### ये प्रतिभागी हुए सम्मानित

वाद विवाद प्रतियोगिता मे पूजा कुशवाहा को प्रथम, मानसी पांडेय को द्वितीय, वैष्णवी सिंह व आयुष चौरसिया को तृतीय व स्वाति पांडेय, आदित्य जयसवाल, नीतू शर्मा, रीत शैल, दिशा जायसवाल, प्रिया सिंह व अंकिता पाठक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 में जिले की मेधावी छात्रा श्रेया सिंह, प्राची सिंह, श्रद्धा मद्धेशिया, शालू द्विवेदी, निशु कुशवाहा व वीनू जायसवाल को सम्मानित किया गया।

# कार्यालय – नगर पालिका परिषद, देवरिया।
## Office of The Municipal Board, Deoria
Website- nppdeoria.in      eonppdeo@gmail.com

नगर पालिका परिषद, देवरिया नगर वासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए निवेदन करती है कि:

1– यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने मे अपना सक्रिय योगदान दें।

2– जन्म मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराकर निःशुल्क प्रमाणपत्र प्राप्त करें।

3– पालिथिन का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।

4– नाला–नालियों व सड़क की पटरीयों का अतिक्रमण न करें।

5– पथ प्रकाश बिन्दुओं व जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।

6– नाली, सड़क, जलापूर्ति, जलजमाव व साफ–सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं0 1533 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।

7– अपने भवन के गृहकर–जलकर, दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का भुगतान समय से करें।

8– सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरांत ही भवन का निमार्ण करावें।

9– निरोगी काया हेतु अपने जीवन में योग, प्राणायाम व ध्यान को नियमित रूप शामिल करें।

10– अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानो पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।

11– फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है अतएव फास्ट के सेवन से परहेज करें।

(अंकिता शुक्ला)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
देवरिया।

(अलका सिंह)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
देवरिया।

# *On the Occasion of International Nurse Day of Hygiene kit Distribution at Deoria*




## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों को फूल और हाईजीन किट देकर किया सम्मानित

स्वतंत्र भारत देवरिया। शुक्रवार को नर्स सेवाकर्मियों को सम्मानित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एच. के.मिश्रा ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नर्सेज महत्वपूर्ण भूमिका है। यह स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में रीढ़ बन चुकी हैं। इनके बिना स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र को सुचारू रूप से चलाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।कोविड के प्रकोप के समय अपनी जान खतरे में डाल कर इन्होंने मरीजों की सेवा की। अस्पताल में आने वाले मरीजों की नर्सेज अपनी सेवा भावना से बीमारी से लड़ने की इच्छा को और मजबूत कर देती हैं। जिस प्रकार किसी मरीज के इलाज के लिए योग्य चिकित्सक आवश्यक है उसी प्रकार कुशल नर्सेज स्टाफ के बिना चिकित्सा संभव नहीं है। इंडियन रेडक्रास सोसायटी उत्तर प्रदेश के उप सभापति अखिलेन्द्र शाही ने उपस्थित नर्सों को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड महामारी के समय जब परिवार के लोग भी कोरोना मरीज से दूर भाग रहे थे, तब आप सभी अपनी जिंदगी की परवाह नहीं करते हुए उनकी सेवा में लगी हुई थी।



# प्रवेश प्रारम्भ

## Dr. V.K. Verma Educational Group

| Course : | | Approved By : |
|---|---|---|
| D. Pharma | एलोपैथिक | BTEUP, Pharmacy Council of India |
| B. Pharma* | एलोपैथिक | AKTU, Pharmacy Council of India |
| D. Pharma | होम्योपैथिक | Homeopathic Medicine Board UP Lucknow |
| D. Pharma | आयुर्वेदिक | Board of Ayourvedic and Unani Tibbi Systems of Medicine U.P. |
| G.N.M. | उपचारिका (आयुष) | Board of Ayourvedic and Unani Tibbi Systems of Medicine U.P. |
| G.N.M. | *एलोपैथिक | UP State Medical Faculty Lucknow |

## पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कालेज

गोटवा-बस्ती 272302 (उ.प्र.)

An ISO9001:2015 Certified Hospital

Hospital Regd No. RMEE1903082



## आयुष्मान भारत योजना

के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज (सर्जरी) की सुविधा उपलब्ध है।

### 150 शैय्यायुक्त चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएँ

- आई.सी.यू.
- एन.आई.सी.यू.
- डिजिटल पैथॉलाजी-खून, पेशाव, मल, हार्मोन्स, मलेरिया
- अल्ट्रासाउण्ड
- एक्स-रे
- टायफाइड, हेपेटाइटिस, हिमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, प्रेग्नेन्सी आदि
- ई.सी.जी.
- जांचो की सुविधाएं।
- फिजियोथेरेपी की सुविधा।
- नेबुलाइजर (दमा, निमोनिया) के लिए सुविधा।
- सर्जरी-हर प्रकार के आपरेशन जैसे-हाईड्रोसील, हार्निया, पित्ताशय पथरी, गुर्दा पथरी, बच्चेदानी की गांठ प्रोस्टेट, बवासीर, भगन्दर (क्षारसूत्र विधि से) जनरल सर्जरी, अपेन्डिक्स, ओवेरियन सिस्ट आपरेशन की सुविधा है।
- स्त्री रोग-नार्मल डिलेवरी तथा सिजेरियन डिलेवरी, आपरेशन द्वारा बच्चे पैदा करने की सुविधा।
- ऑक्सीजन की सुविधा, मरीज भर्ती एवं परामर्श निःशुल्क, 3 डी. स्कैनिंग आयुर्वेदिक नाड़ी जांच कम्प्यूटर द्वारा दंत रोग, नेत्र रोग, (पुराने एवं असाध्य रोगों का समुचित इलाज) फालिज एवं पथरी का विशेष इलाज

**एम्बुलेन्स एवं इमरजेंसी सेवा 24 घंटे**

### अन्य सहयोगी शिक्षण संस्थान

- गौतम बुद्ध मुराली देवी बालिका इण्टर कालेज, गोटवा-बस्ती (उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त)
- गौतम बुद्ध कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गोटवा-बस्ती
- श्री श्यामलाल वर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लोहरौली, तिलकपुर-बस्ती
- गौतम बुद्ध विद्या मन्दिर, गोटवा-बस्ती

संस्थापक/प्रबन्धक

**डा. वी.के. वर्मा**

आयुष चिकित्साधिकारी
जिला चिकित्सालय-बस्ती



# *Distribution of  Relief Material in Distt- Hardoi , Banda & Ayodhya*











# *Distribution of Relief Material in Distt- Kushinagar, Mathura ,Firozabad & Santkabirnagar*












# *Distribution of Woolen Blanket Distt –Sitapur & deoria*










# *Free Eye Checkup Camp, Medical Camp & Distribution of Conjunctivitis medicine in Distt- Fatehpur*













## 105 बच्चों का नेत्र परीक्षण



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व जगदंबा आई क्लीनिक के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में कम्पोजिट विद्यालय भैरमपुर में स्कूल नेत्र परीक्षण अभियान चलाया गया। जगदम्बा आई क्लीनिक के विशेषज्ञ संतोष कुमार ने सभी 105 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया। डॉ अनुराग ने कहा कि जिन बच्चों को यदि परीक्षण के बाद चश्मे की आवश्यकता होगी और वह आर्थिक रूप से कमजोर हैं तो उन्हें चश्मा भी निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। उन्होने बच्चों को नेत्र विकारों से बचने की सलाह भी दी। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका वंदना श्रीवास्तव, अध्यापक अजीम अहमद खान, राजेंद्र कुमार तिवारी, नीलम राय उपस्थित रहे।

## बांटी निश्शुल्क दवाएं, दिया स्वच्छता का संदेश

**जागरण संवाददाता, फतेहपुर :** जिला रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डा. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रकोप से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के 35 बच्चों को होमियोपैथिक औषधि का वितरण किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण से किया गया। निश्शुल्क दवा वितरण के साथ ही सभी बच्चों को बिस्किट व चिप्स भी बांटे गए। संचालक मनीष कुमार सिंह द्वारा सेवाओं हेतु रेडक्रास के चेयरमैन आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर सोसाइटी के आजीवन सदस्य सुरेश श्रीवास्तव, सुमन देवी, चंचल, मनीष सिंह यादव, अनुज व राजकरण आदि रहे।

# *Inauguration of Blood Donation Camp, Distt-Jaunpur on dated: 5-8-2023*










## 35 रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

जौनपुर,संवाददाता। ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की ओर से रविवार को राजा हरपाल सिंह पीजी कालेज में रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले 20 व 15 से अधिक बार रक्तदान करने वालों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डाक्टर हिमा बिंदु नायक महासचिव इंडियन रेड क्रास सोसायटी, विशिष्ट अतिथि अर्चना ओझा एसडीएम बदलापुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था प्रमुख डा. अंजू सिंह ने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में विस्तार से बताया। डाक्टर हिमा बिंदु नायक ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी को इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए कहा। उप जिलाधिकारी अर्चना ओझा ने कहा यदि हम किसी एक व्यक्ति को जीवन दान देते हैं तो यह एक महान कार्य है। प्राचार्य डा.अरुण कुमार सिंह नें कहा की दीन दुखियों की सेवा ईश्वर की सेवा है।कार्यक्रम को एसीएमओ डा. डीके सिंह, महेंद्र शुक्ला जिला पोषण अधिकारी सुल्तानपुर, डा. डीपी सिंह आजमगढ़, अमन कुमार सिंह ने सम्बोधित किया। संचालन डाक्टर अजय तिवारी एवं दिलीप कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से किया।

राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में रक्तदाताओं को सम्मानित करतीं हिमा बिंदू नायक।

### ये लोग हुए सम्मानित

वाराणसी से प्रदीप इसरानी , सत्य प्रकाश आर्य , राजेश कुमार गुप्ता , लखनऊ से राजीव गोयल , अयोध्या से आकाश गुप्ता , रेनुकूट दिलीप कुमार दुबे , वंदना दुबे , अम्बेडकर नगर से सूरज गुप्ता , आदि एवं जौनपुर से संजय सेठ, अरुण कुमार सिंह मुन्ना, पवन यादव, नीरज शाह, अमित सिंह, शुहानी शाह, ज्योति श्रीवास्तव, संध्या सिंह, उर्वशी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौरव कुमार सिंह, एसपी सिंह, डॉ. निकिता सिंह, डॉ. सीमा सिंह, निहारिका सिंह, मयंक गुप्ता, राम लवअट यादव, रजनी सिंह, मनोज वत्स, संदीप उपाध्याय रेड क्रॉस जौनपुर आदि थे।

# ***Blood donation camp Distt- Deoria, Ballia, & Gorakhpur***














## ***Blood donation camp Distt- Unnao, Muzaffarnagar, Shamli, Basti,Baghpat & Jalaun***


















<u>***Blood donation camp organized through Lucknow District Red Cross Branch on the occasion of 61st Foundation Day of Civil Defense at Lucknow Distt.***</u>




















CIVIL
DEFENCE
रक्तदान कैम्प


EXIT
ENTRY

# *Blood Donation Camp at Dist- Jaunpur, Fatehpur & Moradabad*











# ***Blood Donation Camp at Dist- Varanasi ,Meerut, Saharanpur,Agra ,Kaushambi& Etawah***
















# *Blood Donation Camp Distt- Pilibhit, Jaunpur, Aligarh, Azamgarh, Prayagraj & Gorakhpur*














## दिखाया जज्बा, 15 ने किया रक्तदान

संवाद न्यूज एजेंसी

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसायटी और सर्व फार ह्यूमैनिटी ने संयुक्त रूप से जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक विक्रम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, सदर उपजिलाधिकारी शुभेंद्र गोपाल ने संयुक्त रूप से किया।

शिविर में नयाब तहसीलदार विकास पांडेय समेत 15 महादानियों ने रक्तदान किया। बुधवार को शिविर में क्षय रोग अधिकारी निशात शहाबुद्दीन, नयाब तहसीलदार, करन कुमार, अर्जुन कुमार, राजा सिंह, अचल, अभिलाष मौर्य, अंकित, कवलजीत सिंह, आशीष सिंह, रोहित त्रिपाठी, शशिकांत, पवन, अनिल, हेमंत दुबे, गोलू शामिल रहे।

रक्तदान करते नायब तहसीलदार विकास पांडेय। संवाद

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीके सिंह, रेडक्रास सोसाइटी के डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य व सर्व फार ह्यूमैनिटी के प्रबंधक गुरमीत सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सावन गुप्ता, जिला अस्पताल से डॉ. पीबी सिंह, आलोक, डॉ, मनीषा, डॉ. अनुरुद्ध मौर्य, दीपाली वर्मा , नरेंद्र, अजय, पूजा, कौशल श्रीवास्तव, स्वाति,गोविंद, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे आदि मौजूद रहे।



आज जौनपुर ३

वाराणसी, २७ जुलाई, २०२३

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**अगर तुमने किसी एक की जान बचाई तो पूरी इंसानियत की जान बचाई**

जौनपुर। कारगिल विजय दिवस पर जिला अस्पताल ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में लायन्स क्लब मेन द्वारा सहयोग करते हुए रक्तदान किया गया।

जिलाधिकारी ने रक्तदान शिविर का फीता काट कर शुभारम्भ किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने प्रशस्तिपत्र प्रदान कर रक्तदाताओं को सम्मानित किया। लायन्स क्लब मेन सदस्य सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सचिव ज़ीहशम मुफ्ती, नीरज शाह, संजीव मौर्य आदि व शिक्षकों सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सिर्फ मदद ही नहीं हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है रक्तदान करना। ब्लड प्रकृति द्वारा हमे दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं। किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना जरुरी है। रक्तदान महादान है, इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है। रक्तदान न केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह रक्त देने वाले को स्वस्थ बनने में भी मदद करता है, इसलिए यह दोनों के लिए फायदेमंद है। 15वीड्डु बार रक्तदान करने वाले सै. मो. मुस्तफा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि देना एक अच्छा प्रयास है। आगे उन्होंने कहा कि कुरआने पाक में कहा गया है कि अगर तुमने किसी एक की जान बचाई तो पूरी इंसानियत की जान बचाई। इसलिए रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाये। इस अवसर पर मदन गोपाल गुप्ता, राधेरमण जायसवाल, रेडक्रास सचिव डॉ. मनोज वत्स, डॉ. संदीप पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिक्षक, व डॉ. एस दास, अनुप सिंह सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# *Media Coverage*

**नज़र – ए – दिल्ली**
राष्ट्रीय समाचार पत्र

NAZAR-E-DILLI NEWS

## 20 रक्त वीरों ने रक्तदान कर जीवन सार्थक किया, रक्तदान से जीवन दान मिलता है: डॉक्टर ऐश्वर्या चौधरी

### रक्तदान से आत्मिक सुख प्राप्त होता है: अभिमन्यु गुप्ता







Bureau: Nazar-E-Dilli

ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन जिला रेड क्रॉस समिति बागपत एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सि वन ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। दिनांक 29 नवंबर 2023 को मानव जीवन की रक्षा हेतु जिला रेड क्रॉस समिति बागपत एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सी 1 के संयुक्त तत्वाधान में जेपी गोयल फिजियोथैरेपी सेंटर हनुमान मंदिर के सामने कोर्ट रोड बागपत में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संयुक्त अस्पताल के रक्त बैंक प्रभारी डॉ ऐश्वर्या चौधरी एवं जिला रेड क्रॉस समिति बागपत के सचिव अभिमन्यु गुप्ता एवं जेपी गोयल फिजियोथैरेपी सेंटर की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर श्रीमती दीपाली गोयल ने कहा कि रक्तदान सर्वोत्तम दान है, रक्तदान से जीवन दान मिलता है। अभिमन्यु गुप्ता ने रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान करने से मानव जीवन की रक्षा के साथ–साथ आत्मिक सुख, संतुष्टि भी मिलती है। जो अनमोल है जिला रक्त बैंक प्रभारी डॉक्टर ऐश्वर्या चौधरी ने कहा प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन माह में रक्तदान कर सकता है। इससे शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए व्यापारी संघ बागपत के अध्यक्ष माननीय मनोज गोयल एवं लायन डॉक्टर हर्षित गोयल, डॉक्टर करणवीर सिंह, लायन अतुल गुप्ता, लायन राजीव गर्ग, लायन कपिल गुप्ता, नगर अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने सभी अतिथियों डॉ ऐश्वर्या चौधरी, अभिमन्यु गुप्ता, रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता श्रीमती दीपाली गोयल का पटका पहनाकर सम्मान कराया। सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र एवं पटका पहनकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मोंटी चौहान, सभासद निखिल चौधरी मिस्टर इंडिया, राजीव गोयल, संदीप गुप्ता, बलराम गुप्ता, एडवोकेट आशुतोष गुप्ता, विक्की चौधरी, मुनीर खान, ताहिर खान, मनीष गोयल, राजेश गोयल, पूर्व सभासद बिजेंदर एवं जेपी गोयल फिजियोथैरेपी सेंटर के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। रक्त बैंक की टीम में भारती जी, श्रीमती प्रीति वर्मा, अमित, नरेंद्र कुमार, यादव जी ने विशेष सहयोग किया।

न्यूज़ कवरेज और प्रमोशन के लिए सम्पर्क करें - 7838468280 - 9811984045



## रेडक्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान में सक्रिय भूमिका निभाई

झांसी। विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन आचार्य डॉ हरी ओम पाठक, वाइस चेयरमैन डॉ सुदर्शन शिवहरे, मंडल प्रभारी डॉ मनमोहन मनु ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं को इस पुण्य कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। जिला चिकित्सालय में महंत शिव श्याम मिश्रा ने रक्तदान किया। रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रोत्साहन पर चैतन्य ओझा, संजय राष्ट्रवादी, शील कोपरा आदि ने भी उत्साह से रक्तदान किया।

अमर उजाला | गोरखपुर | amarujala.com | गोरखपुर | सोमवार, 2 अक्टूबर 2023 | 8

## दूसरों की जिंदगी के लिए 20 महादानियों ने किया रक्तदान

### स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में लगा शिविर

अमर उजाला ब्यूरो





एम्स में 23 यूनिट रक्तदान

गोरखनाथ चिकित्सालय में 30 यूनिट हुआ रक्तदान

ये हैं रक्तदान करने वाले महादानी



# भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

## उद्घाटन जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा के द्वारा फीता काटकर किया गया

आइडियल इंडिया न्यूज, डा मनोज वत्स

जौनपुर ,शहीदों की याद में कारगिल विजय दिवस पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार सुबह नौ बजे जिला अस्पताल में किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा के द्वारा फीता काटकर किया गया। रक्तदान शिविर में जिलाधिकारी ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने में सुखद अनुभूति का एहसास होता है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें, रक्तदान करने से नुकसान नहीं होते हैं बल्कि लाभ ही होते हैं। रक्तदान से अधिक से



अधिक जरूरतमंदों की मदद होती है इसलिए रक्तदान अवश्य करें। शिविर में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के द्वारा रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान का महत्व तब समझ में आता है जब दुर्घटना हो जाती है और ब्लड की आवश्यकता होती है इसलिए सभी लोग अधिक से अधिक रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में पुलिस प्रशासन अपना सहयोग देगा। इस अवसर पर कुल 41 यूनिट रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में कई सामाजिक संगठनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर रेडक्रास सचिव डा मनोज वत्स, डा विमला सिंह कोषाध्यक्ष डा संदीप पाण्डेय रविसिंह अतुल सिंह डा राजीव यादव विद्याधर राय विद्यार्थी प्रशांत कुबेरराज कुमार बिंद लायंस क्लब के मोहम्मद मुस्तफा, नवीन कुमार सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह संजय सिंह डा हेमंत सिंह लक्ष्मी कांत सिंह उर्वशी सिंह ज्योति श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

**मानव सेवा** | रेड क्रॉस सोसाएटी के शिविर में 315 लोगों ने किया रक्तदान

# रक्तदान से दिल और वजन रहता है सही

- महाराजा अग्रसेन पार्क में लगाया गया शिविर
- पालिका चेयरमैन किया शिविर का शुभारंभ

शामली,संवाददाता। मानव सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत रेड क्रॉस सोसाएटी द्वारा रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 315 लोगों ने रक्तदान कर पुनीत कार्य में अपना योगदान किया।

रविवार को शहर के महाराजा अग्रसेन पार्क में रक्त सेवा ट्रस्ट के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल, रेड क्रॉस सोसाएटी की चेयरमैन कुशांक चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है। वजन कंट्रोल में रहता है।



शामली में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देते आयोजक।

कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। शिविर में शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे करीब 315 लोगों ने रक्तदान कर पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। मौके पर अजय संगल, सभासद रोबिन गर्ग, राघव, सोनू जुनेजा, डॉ. आरिफ हसन, मनोज कुमार, मनीष भटनागर, प्रदीप पुंडीर, नंदकिशोर मित्तल, सचिन जैन भगतजी मौजूद रहे।

# *Distribution of Tarpoulin during Rainy Season in Distt- Sultanpur*



शिक्षक किसी तरह अन्य विषय की कक्षा दस के जसराम, संदीप को

## जिलाधिकारी ने बरसात से बचाव के लिए बांटे तिरपाल




गोलाघाट पर सड़क किनारे रहने वालों को तिरपाल देतीं डीएम जसजीत कौर • जागरण

संसू, सुलतानपुर: विश्व नागरिक दिवस पर रेडक्रास सोसाइटी ने गोलाघाट मुहल्ले में सड़क के किनारे खुले में आसमान के नीचे रहने धरकार बिरादरी के लोगों को तिरपाल बांटे। शादी-विवाह के शगुन से लेकर हिंदू समाज की अंतिम क्रिया में बनने वाली टिकठी बनाकर समाज के लिए ये अपनी सेवा देते हैं। सोमवार को सोसाइटी की अध्यक्ष व जिलाधिकारी से बचने के लिए तिरपाल प्रदान किया। चेयरमैन डा. डीएस मिश्र ने बताया कि इन लोगों को प्रति वर्ष सोसाइटी द्वारा तिरपाल प्रदान किया जाता है। सचिव जय प्रकाश शुक्ल, लीगल एडवाइजर अरविंद त्रिपाठी, आपदा प्रबंध अध्यक्ष डा. चंद्रभान सिंह, महिला सशक्तीकरण महिला विंग की सचिव श्रेया दुबे, जान्हवी शुक्ला, नंदनी पांडेय, सचिव इरशाद, बार उपाध्यक्ष विद्या भूषण

## DM जसजीत कौर द्वारा वितरित किया गया तिरपाल रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों का सराहा

### चेयरमैन डॉ डीएस मिश्रा ने बताया प्रति वर्ष बरसात में तिरपाल का किया जाता है वितरण

**अमेठी पथिक/अर्जुन शुक्ल**



सुल्तानपुर रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर ने नगर के गोलाघाट मुहल्ले में सड़क के किनारे खुले आसमान में रहने धरकार बिरादरी के लोगो को तिरपाल बांटे। धरकार समाज जिनको बांसफोड भी कहते है। शादी विवाह के सगुन लेकर हिंदू समाज की अंतिम क्रिया में बनने वाले तिट्ठी को बनाकर समाज के लिए अपनी सेवा देते है। धरकार बिरादरी यूं तो घुमंतू जातियों की तरह जीवकोपार्जन के लिए, बांस की तलाश में, अपने डेरे बदलती रहती है तथा सपरिवार झुंड बनाकर सड़कों के किनारे अस्थायी डेरा डालकर रहने को मजबूर रहते है। आज विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी सुलतानपुर की अध्यक्ष/ जिलाधिकारी सुलतानपुर जसजीत कौर के हाथो सड़क पर रहने वाले बिरादरी के सभी लोगो को पानी से बचने के लिए तिरपाल उपलब्ध कराया गया जिलाधिकारी ने कमजोर वर्ग के लोगो को हर तरह से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर के चेयरमैन डॉ डीएस मिश्रा ने बताया कि धरकार बिरादरी के सभी लोगो को प्रति वर्ष बरसात में तिरपाल का वितरण सोसाइटी द्वारा किया जाता है वितरण में रेड क्रॉस के सचिव जय प्रकाश शुक्ल, लीगल एडवाइजर अरविंद त्रिपाठी आपदा प्रबंध अध्यक्ष डॉ चंद्रभान सिंह महिला सशक्तिकरण महिला विंग सचिव श्रेया दुबे जान्हवी शुक्ला नन्दनी पान्डेय आपदा प्रबंधन सचिव इरसाद बार एसोसिशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्या भूषण पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे

# *WORLD AIDS DAY*

## विश्व एड्स दिवस : रेडक्रास ने चलाया परीक्षण अभियान

» 72 ई-रिक्शा व बस चालकों के अलावा आमजन का किया एचआईवी परीक्षण




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** विश्व एड्स दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में एड्स जागरूकता व एचआईवी परीक्षण अभियान ज्वालागंज रोडवेज बस स्टैंड के समीप चलाया गया। जिसमें 72 ई-रिक्शा चालकों, बस ड्राइवरों व आमजनमानस का एचआईवी परीक्षण किया गया। डॉ अनुराग ने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी संक्रमित सुई के साझा उपयोग से संक्रमित माता से उसके शिशु को, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पादों के प्रयोग से एड्स होने की संभावना होती है। एचआईवी किसी मच्छर के काटने, किसी एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने से नहीं फैलता है। इसलिये हम सभी को असुरक्षित यौन संबंध से बचना होगा। सुई और सिरिंज का साझा उपयोग न करें, गर्भवती महिलाओं को पहली तिमाही में एचआईवी की जांच करानी चाहिये। साथ ही रक्त व रक्त उत्पाद पंजीकृत ब्लड बैंक से ही लेना चाहिए। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार डॉ कार्ति विजय, ज्वालागंज चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार, लैब टेक्नीशियन महेंद्र सिंह, अनुराग, टीबी/एचआईवी कोऑर्डिनेटर नसीम, फील्ड लेबल वर्कर प्राचीज श्रीवास्तव, रेडक्रास सोसाइटी के सचिव अजीत सिंह, गोरेलाल, संजय श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, अनुज कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एड्स का ज्ञान बचाए जान, रैली निकाल दी जानकारी

### विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी में छात्राओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

मिर्जापुर। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महर्षि दयानंद इंटर कालेज में गोष्ठी कर छात्राओं को जागरूक किया गया। छात्राओं को एड्स रोग के बारे में विस्तार से बताते हुए जनमानस को जागरूक करने के लिए रैली निकाली।

जिला एड्स नियंत्रण / जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल ओझा ने एड्स के बारे में विस्तार से बताते हुए रोग से बचाव संबंधी भी जानकारी दी। एचआईवी विभाग से जुड़ी अपर्णा मिश्रा द्वारा एड्स के विषय में बच्चों को विस्तार से जानकारी देते हुए उनके जिज्ञासा भरे प्रश्नों का समाधान किया।

क्षय विभाग के जिला समन्वयक सतीश शंकर यादव ने टीबी व एचआईवी से जुड़े तथ्यों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि रोग से प्रभावित व्यक्ति को नियमित दवा करना आवश्यक है। साथ ही उनके द्वारा अपेक्षा भी की गई कि आप सभी अपने आसपास के लोगों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए जागरूक करने का प्रयास अवश्य करेंगे।

इसके बाद रैली को हरी झंडी दिखा रवाना किया गया। रैली बरिया घाट, संकट मोचन, जिला चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट होते हुए जिला क्षय रोग केंद्र पर समाप्त हुई। रैली में नारे-धुनों की है आम, एड्स हो न हमारे पास, एड्स का ज्ञान बचाए जान का नारा लगाया गया। रैली में सतीश शंकर यादव, दुर्गेश कुमार रावत, सुमन राय, पंकज सिंह, आशीष कुमार चतुर्वेदी आदि रहे।




क्षय रोग विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकालतीं स्कूली छात्राएं। संवाद

### एड्स से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

### निकाली गई जागरूकता रैली, बचाव का संकल्प

# विश्व एड्स दिवस पर रेडक्रास ने चलाया परीक्षण अभियान
